


gramodayachitrakoot.ac.in mgcgvchitrakoot.com

# ग्रामोदय संदेश



■ बुधवार, 04 मार्च, 2020 ■ वर्ष 18 ■ अंक 01 ■ पेज 4 ■ मूल्य : निःशुल्क ■ वेबसाइट पर देखें ई-न्यूज लेटर


# ग्रामोदय विश्वविद्यालय का 8वां दीक्षांत समारोह 4 मार्च 2020 को



**चित्रकूट।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय का आठवां दीक्षांत समारोह 04 मार्च 2020 को महामहिम राज्यपाल एवं कुलाधिपति सम्माननीय श्री लाल जी टंडन की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय परिसर चित्रकूट में सम्पन्न होगा। प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग के माननीय मंत्री श्री जीतू पटवारी समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। नैक बंगलौर के माननीय चेयरमैन प्रो. वीरेन्द्र सिंह चौहान दीक्षांत उदबोधन देगें। कुलपति प्रो. नरेश चन्द्र गौतम का स्वागत भाषण होगा। कुलसचिव राकेश कुमार चौहान ने बताया कि इस समारोह में 42 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक से नवाजा जायेगा।



पद्मश्री प्रो. वीरेन्द्र सिंह चौहान जी

कृषि, विज्ञान, प्रबंधन, कला, अभियांत्रिकी क्षेत्र में किये गये विभिन्न शोधों के लिये 121 शोधार्थियों को डिग्री प्रदान की जाएगी। स्नातक,परास्नातक स्तर के नियमित पाठयक्रमों के 951 विद्यार्थियों तथा दूरवर्ती माध्यम से संचालित पाठयक्रमों के 9463 विद्यार्थियों की डिग्रियां दी जायेंगी।

## विश्वविद्यालय प्रबंध मण्डल की बैठक भी होगी

दीक्षांत समारोह के पूर्व महामहिम राज्यपाल एवं कुलाधिपति सम्माननीय श्री लाल जी टंडन की अध्यक्षता में ग्रामोदय विश्वविद्यालय प्रबंध मंडल की बैठक संपन्न होगी। बैठक में मध्यप्रदेश शासन के अनेक विभागों के प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारियों सहित गैर सरकारी सदस्य भी सम्मलित होंगे।

## विश्वविद्यालय के मार्गदर्शक



श्री लाल जी टंडन जी, राज्यपाल



श्री कमल नाथ जी, मुख्यमंत्री




श्री जीतू पटवारी जी,उच्च शिक्षा मंत्री

# गांधी चेयर का शुभारंभ : गांधी चिंतकों को शोध के लिए दी जाएगी 60 हजार रु. वार्षिक अतिरिक्त छात्रवृत्ति

महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में मध्यप्रदेश सरकार के निर्देश पर मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान विभाग में ग़ांधी चेयर के शुभारंभ के लिएआयोजन किया गया। मुख्य अतिथि ग़ांधीवादी चिंतक और सर्वोदय सेवा आश्रम के महामंत्री अभिमन्यु भाई रहे। अध्यक्षता कुलपति प्रो. नरेश चंद्र गौतम ने की। मुख्य वक्ता डॉ. हरि सिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय सागर के पत्रकारिता विभाग के अध्यक्ष प्रो. अलीम भाई और महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी की ग़ांधी चेयर के पूर्व निदेशक प्रो ए के सिंह ने व्याख्यान दिए। प्रो. गौतम ने कहा कि ग़ांधी एक जीवंत जीवन शैली है। गांधी पीठ की सचिव डॉ नीलम चौरे ने बताया कि गांधी चेयर के माध्यम से शोधकर्ताओं को 60 हजार रुपए वार्षिक छात्रवृत्ति दी जायेगी। डॉ ललित सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री माननीय श्री कमल नाथ जी की भावना के अनुरूप गांधी पीठ को अमलीजामा पहनाया गया है।





Limca
Book of Records

Indian Record

**Most contour trenches built and jal choupals conducted**

Under the *Bhujal Badhao, Payjal Bachao Abhiyan* (Enhance ground water, protect drinking water campaign) 2019, Banda district of Uttar Pradesh, under the leadership of District Magistrate **Heera Lal**, built 2,605 contour trenches around 2,183 hand pumps and 260 wells in 470 *gram* panchayats in one month, from 26 February to 25 March 2019. They also conducted 469 *jal choupals* (village water parliament) on water budgeting and ground water recharge. The campaign was supported by district administration of Banda, Water Aid India, Akhil Bharatiya Samaj Seva Sansthan, People's Science Institute and students of the Mahatma Gandhi Chitrakoot Gramodaya Vishwavidyalaya.

Vatsala Kaul Banerjee
Editor, *Limca Book of Records*

CERTIFIED AUTHENTIC BY THE HOLOGRAM

Date of Issue: December 2019
(LBR 2020)

"LIMCA BOOK OF RECORDS" IS THE COPYRIGHT OF THE COCA-COLA COMPANY; "LIMCA" IS THE REGISTERED TRADEMARK OF THE COCA-COLA COMPANY. THIS CERTIFICATE DOES NOT NECESSARILY DENOTE AN ENTRY INTO LIMCA BOOK OF RECORDS.

# लिम्का बुक में दर्ज हुआ विश्वविद्यालय का नाम

ग्रामोदय विश्वविद्यालय के प्रयास को लिमका बुक ऑफ रिकॉर्डस में भी स्थान मिला है। विश्वविद्यालय के दीनदयाल उपाध्याय कौशल केंद्र के प्राचार्य इं. राजेश सिन्हा ने बताया कि बांदा जिले के तत्कालीन जिलाधिकारी हीरालाल के नेतृत्व में जिले में भूजल संवर्धन हेतु गत वर्ष 26 फरवरी से 25 मार्च तक सघन अभियान चलाया गया। इस अभियान में लोक विज्ञान संस्थान (पी.एस.आई .) देहरादून, वॉटर एड इंडिया, अखिल भारतीय समाज सेवा संस्थान मानिकपुर तथा महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के बी.टेक. (सिविल इंजीनियरिंग व कृषि अभियांत्रिकी) तथा बी.वोक. (कृषि प्रक्रिया एवं प्रबंधन) के छात्रों ने अपनी सक्रिय सहभागिता की। इस सम्मिलित प्रयास को लिमका बुक ऑफ रिकॉर्डस के नवीनतम् संस्करण में स्थान मिला है। लोक विज्ञान संस्थान देहरादून के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अनिल गौतम के नेतृत्व में वैज्ञानिकों का एक दल गत वर्ष विश्वविद्यालय आया था, तथा उन्होंने 16 छात्र-छात्राओं का चयन इस कार्य के लिए किया था।

# कुलपति की कलम से...

प्रभु श्री राम की तपोभूमि चित्रकूट में स्थित महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता उत्कृष्ट स्तर की है। यही कारण है कि राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) बेंगलुरू ने अपनी प्रथम विजिट में विश्वविद्यालय को 'ए' ग्रेड से अलंकृत किया है। यह विश्वविद्यालय शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में अभिनव प्रयोगों के लिए प्रसिद्ध है। विश्वविद्यालय का कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण मध्यप्रदेश होने के कारण शिक्षा के माध्यम से ग्रामीण विकास की नवीन संभावना को तलाशने का सुअवसर भी इस विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं को मिला है। भारतीय विश्वविद्यालय संघ की ओर से दिसम्बर माह में मैक्सिको में

**विशेष संपादकीय**



**प्रो. एन सी गौतम**

आयोजित इंटर नेशनल वाईस चांसलर कॉन्फ्रेंस में सम्पूर्ण देश का प्रतिनिधित्व करने का अवसर इस विश्वविद्यालय को मिला था, जो गौरव का विषय है। सामुदायिक नेतृत्व क्षमता के पाठ्यक्रम तैयार करने और सम्पूर्ण प्रदेश में एक साथ संचालित करने का अनुभव भी विश्वविद्यालय के पास है। गांव-गांव में स्थापित गैर सरकारी संगठनों के माध्यम से दूर दराज में रहने वाली विशाल और सुविधाओं से वंचित आबादी को शिक्षित करने का गौरवशाली कार्य इस विश्वविद्यालय ने किया है। 'ग्रामोदय शिक्षा आपके द्वार' पर संकल्प को लेकर दूरवर्ती पाठ्यक्रम संचालन का विशेष प्रयास इस विश्वविद्यालय ने सफलतापूर्वक किया है और कर रहा है। कौशल विकास केन्द्र के माध्यम से स्वावलंबन की शिक्षा और रोजगार के प्रयासों में भी यह विश्वविद्यालय सदैव तत्पर रहा है। पूरे देश में ग्रामोदय शिक्षा के लिए पृथक-पृथक कार्यक्रम लगभग हर स्तर पर संचालित हो रहे हैं, किंतु सफल और सशक्त स्वरूप में ग्रामोदय शिक्षा का कार्य इस विश्वविद्यालय में पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी के साथ चल रहा है।

## गणतंत्र दिवस में संविधान की उद्देशिका का वाचन

महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में परंपरागत ढंग से गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी 2020 को आयोजित किया गया। कुलपति प्रोफेसर नरेश चंद्र गौतम ने ध्वजारोहण के पश्चात संविधान की उद्देशिका का वाचन किया। उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार से आह्वान करते हुए ग्रामीण विकास के क्षेत्र में योगदान करने का संकल्प लेने को कहा।




# ग्रामोदय विश्वविद्यालय की विशिष्ट उपलब्धियां

- **महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय को नैक बेंगलुरू द्वारा प्रथम विजिट में दिया गया 'ए' ग्रेड।**
- **पूर्व छात्र इंजीनियर नीलांशु चतुर्वेदी ने चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र से लगातार दो बार विधायक बन विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया।**
- **विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा स्टार्टअप योजना शुरू की गई। पूर्व छात्र श्री शुभम मिश्रा ने सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग के स्टार्टअप के माध्यम से 18 विद्यार्थियों को अपने स्टार्टअप में रोजगार दिया। इसका प्रसारण दूरदर्शन ने अपने विशेष कार्यक्रम में किया।**
- **लाइव स्टॉक के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय ने पाई ख्याति।**
- **कुलपति प्रो. नरेश चंद्र गौतम ने मैक्सिको में आयोजित इंटरनेशनल वाइस चांसलर कांफ्रेंस में किया भारतीय दल का प्रतिनिधित्व।**
- **किसानों की आय वृद्धि हेतु आलू-प्याज की उन्नत खेती के तरीके से किसानों को लाभांवित करने का सफल प्रयास।**
- **यूपीपीसीएस की परीक्षा में विश्वविद्यालय की छात्रा अनामिका दुबे को मिला सहायक प्राध्यापक (इतिहास) की परीक्षा में प्रथम स्थान।**
- **मशरूम उद्यमिता में कृषि पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों द्वारा किए गए नवीन प्रयोग।**
- **कृषि फार्म में खरीफ प्याज के उत्पादन के नवीन तकनीक का सफल प्रदर्शन।**

## उन्नत भारत अभियान का सफल संचालन...




उन्नत भारत अभियान कार्यक्रम अंतर्गत ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट द्वारा अंगीकृत 5 गांवों में विकासात्मक गतिविधियों का सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। प्रथम चरण में पांचों गांवों का सर्वेक्षण कर उन्नत भारत अभियान के सॉफ्टवेयर पर फीडिंग की गई है। ग्राम टेढ़ी एवं अमहा में कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम,जागरुकता रैली एवं स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए हैं। टेढी एवं अमहा के किसानों को कृषि विभाग से प्राप्त उन्नत बीज किसानों के वितरित किये गये। इन बीजों को किसानों की उपज एवं आय दोनों में वृद्धि हुई है। दूसरे चरण में ग्रामोदय महोत्सव में टेढी गांव में जागरुकता रैली का आयोजन किया गया।महिलाओं के स्वयं सहायता समूह की सदस्य कृषकों को सब्जी के बीज वितरित किये गये। खेलकूद अभियान संचालित किया गया।

## प्रदेश की पहली सचल मृदा परीक्षण प्रयोगशाला

महामहिम राज्यपाल श्री लालजी टंडन एवं मप्र के उच्च शिक्षा मंत्री श्री जीतू पटवारी द्वारा 04 मार्च 2020 को प्रदेश की पहली सचल मृदा परीक्षण प्रयोगशाला का शुभारंभ महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में किया जायेगा। इस मोबाइल प्रयोगशाला की विशेषता यह होगी कि किसान को मृदा परीक्षण हेतु खेत से मिट्टी लेकर स्थाई प्रयोगशाला नहीं जाना पड़ेगा, बल्कि किसान की मांग पर मृदा विशेषज्ञ खेत के पहुंच कर मृदा परीक्षण करेंगे और 30 मिनट की अल्पावधि में उसे तत्काल मृदा परीक्षण की रिपोर्ट भी उपलब्ध कराएंगे। विश्वविद्यालय की इस सचल (मोबाइल) प्रयोगशाला के माध्यम से गांव-गांव जाकर स्वाइल हेल्थ कार्ड भी बनाए जाएंगे।

# ग्रामोदय महोत्सव 2020 का भव्य आयोजन




**फोटोग्राफी विधा में मंदाकिनी का दिखा सौंदर्य...**





**कुलपति जी ने खेला मैच...**

महोत्सव के अंतिम दिन अतिथि कलाकारों के रूप मे सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट जानकीकुंड के नर्सिंग स्कूल की छात्राओं ने डांडिया गरबा नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमुदाय की खूब वाहवाही बटोरी। पांचों दिन हुईं प्रतियोगिताओं का परिणाम घोषित किया गया। कुलपति प्रोफेसर नरेश चंद्र गौतम ने विजेताओं को पुरुस्कार दिया। इसके बाद गांधी जी एवं नाना जी को पुष्प अर्पित करने के बाद महोत्सव का समापन हुआ।



महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय परिसर में पंच दिवसीय ग्रामोदय महोत्सव का शुभारंभ -8 फरवरी से 12 फरवरी तक आयोजित हुआ। विश्वविद्यालय के सास्वत प्रेरणास्रोत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और ग्रामोदय विश्वविद्यालय के परिकल्पना एवं संस्थापक कुलाधिपति भारत रत्न राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख के चित्रों पर माल्यार्पण एवं हवन पूजन के साथ कुलपति प्रो. नरेश चंद्र गौतम ने महोत्सव का शुभारंभ किया। परिसर में अंतर संकाय स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं, निबंध प्रतियोगिताएं, क्रिकेट आदि प्रतियोगिताएं संपन्न हुई। महोत्सव में प्रथम दिन उच्च कन्या विद्यालय अमानगंज जिला पन्ना के लगभग डेढ़ सौ छात्राओं और दो दर्जन शिक्षक शिक्षिकाएं भी शामिल हुईं। वे भ्रमण के लिए यहां आई थीं। विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा नशा मुक्ति अभियान, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, कुपोषण एवं किसानों की आत्महत्या पर नाट्य प्रस्तुति एवं मिमिक्री का मंचन हुआ। महोत्सव के दूसरे दिन कुलपति प्रो नरेश चंद्र गौतम के मार्गदर्शन में ललित कला की फोटोग्राफी विधा के विद्वान प्राध्यापक डॉ अजय कुमार वर्मा ने छात्र छात्राओं को साथ लेकर चित्रकूट की झलकियां कैमरे में कैद कराया। अपने अपने नजरिए और लाइट व शेड का प्रयोग करते हुए छात्रों ने छवि चित्रों को कैमरे के माध्यम से उकेरा। ग्रामोदय महोत्सव के तीसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम, साहित्यिक एवं खेल प्रतियोगिताएं, अंतर संकाय स्तर पर आयोजित हुई। रोजगार सृजन विषय पर कार्यशाला एवं गांधीजी के रचनात्मक कार्यक्रमों की प्रासंगिकता पर वाद विवाद, भाषण तथा प्रश्न मंच हुआ। कुलपति ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में पहुंचकर छात्र-छात्राओं का उत्साह बढ़ाया। कुलपति प्रोफेसर नरेश चंद्र गौतम ने गांव रवाना हुए विद्यार्थियों को ग्रामों की समस्याएं और उनकी संभावनाओं को तलाशने के लिए मार्गदर्शक टिप्स भी दिए। ग्राम प्रवास गांव टेढ़ी में जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली में 176 ग्राम वासियों ने सामाजिक मुद्दों पर जागरुकता का संकल्प लिया। ग्रामोदय महोत्सव के चौथे दिन सतत ग्रामीण विकास के विविध आयाम और ग्रामोदय विश्वविद्यालय की भूमिका विषय को लेकर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में तीन कुलपतियों सहित ग्रामीण विकास विशेषज्ञों ने व्याख्यान प्रस्तुत किए। सद्भावना सभागार में डॉ सुषमा गूजर के संयोजन में एकल नृत्य एवं समूह नृत्य के साथ संपन्न हुआ। साहित्य प्रतियोगिताओं के क्रम में डॉ वीरेंद्र कुमार व्यास के संयोजकत्व में मध्य प्रदेश की संस्कृति सभ्यता सहित विविध आयामों को लेकर प्रश्न मंच का आयोजन किया गया।

## झलकियां : सप्तम दीक्षांत सामारोह की...

महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में पिछले वर्ष आयोजित सप्तम दीक्षांत सामारोह में तत्कालीन राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने 131 शोधकर्ताओं को डिग्री प्रदान की। इसके साथ ही 49 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक, 678 स्नातक एवं 204 परास्नातक छात्रों को डिग्री प्रदान की। तरराष्ट्रीय स्तर के तीन विद्वानों को डॉक्टर ऑफ साइंस की मानद उपाधि प्रदान की गई।





## इंडियन हॉर्टिकल्चर समिट 2020...ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री श्री पटेल बोले-

# हॉर्टिकल्चर बेस खेती कराएं ताकि किसानों की आय दुगनी हो



महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय परिसर में भारतीय बागवानी शिखर सम्मेलन 2020 का उद्घाटन मध्य प्रदेश शासन के ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री कमलेश्वर पटेल ने 14 फरवरी 2020 को किया। क्षेत्रीय विधायक इंजीनियर नीलांशु चतुर्वेदी विशिष्ट अतिथि रहे। अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर नरेश चंद्र गौतम ने की। देश भर के जाने-माने कृषि वैज्ञानिकों और अनेक पूर्व कुलपतियों ने अपने विशेष व्याख्यान प्रस्तुत दिए। कृषि आयुक्त भारत सरकार डॉक्टर एस के मल्होत्रा नई दिल्ली, पूर्व कुलपति प्रोफेसर ज्ञानेंद्र सिंह भोपाल, पूर्व कुलपति प्रोफेसर गौतम कल्लू वाराणसी, दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव डॉ अभय महाजन चित्रकूट मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कमलेश्वर पटेल मंत्री मध्य प्रदेश शासन ने कहा कि हमारे देश का किसान आज सबसे ज्यादा परेशान है। हम सबको मिलकर किसानों की आय दुगनी करने के लिए सार्थक प्रयास करना चाहिए। आजादी के बाद कृषि और बागवानी के क्षेत्र में हुई प्रगति पर चर्चा करते हुए मंत्री श्री पटेल ने कहा कि वैज्ञानिकों के नवीन शोध और सफल प्रसार कार्यक्रमों के कारण देश में कृषि का उत्पादन अवश्य बढ़ा है किंतु किसानों की आय में वृद्धि नहीं हुई है। मुख्यमंत्री कमल नाथ जी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश शासन किसानों की आय दुगनी कर उसे आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए प्रयासरत है। श्री पटेल ने वैज्ञानिकों का आवाहन किया कि तीन दिनों के इस बागवानी सम्मेलन के माध्यम से आप लोग किसानों की आय बढ़ाने वाले व्यावहारिक मॉडल तैयार करें। मध्य प्रदेश सरकार सम्मेलन के निष्कर्षों को लागू करने में सकारात्मक भूमिका निभाएगी। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि ग्रामोदय विश्वविद्यालय के विद्वान विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों के ज्ञान और अनुभव को मध्यप्रदेश शासन का आजीविका मिशन अपने प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सहभागी बनाएगा। उन्होंने इसके लिए रोडमैप तैयार करने का निर्देश दिया है। विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय विधायक



इंजीनियर नीलांशु चतुर्वेदी ने किसानों की जमीनी समस्याओं को छूते हुए कहा कि सामान्यता पहले तो किसानों को अपेक्षित उपज नहीं मिलती है, यदि संयोग से उत्पादन ज्यादा हो गया तो किसान को उसके उपज का पूरा मूल्य नहीं मिलता। व्यवहारिक समस्या का निदान शिखर सम्मेलन 2020 में खोजा जाना चाहिए। इंजीनियर चतुर्वेदी ने कहा रूट लेबल में इस समस्या का अध्ययन कर निदान खोजना चाहिए। किसानों के प्रत्येक मुद्दों को विधायक श्री चतुर्वेदी ने गंभीरता के साथ लिया और कहा कि जमीन की उत्पादन क्षमता का परीक्षण कर तदनुसार फसल उत्पादन के लिए किसानों को प्रोत्साहित करना चाहिए। दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव डॉ अभय महाजन ने कहा कि 3 दिनों की यह वैज्ञानिक कार्यशाला किसानों की स्थिति सुधारने में सफल साबित होगी। ग्रामोदय विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति ज्ञानेंद्र सिंह, भोपाल ने बागवानी उत्पाद की क्वलिटी इंप्रूवमेंट पर जोर दिया। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रोफेसर गौतम कल्लू ने कहा कि फार्मिंग सिस्टम एवं क्वालिटी इंप्रूवमेंट की दिशा में चिंतन करना चाहिए। शिखर सम्मेलन 2020 की स्मारिका का विमोचन किया गया। तत्पश्चात शिखर सम्मेलन के सचिव डॉ बलराज ने आयोजन के औचित्य एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कुलपति प्रो. नरेश चंद्र गौतम ने स्वागत भाषण किया। स्थानीय आयोजन संयोजक अधिष्ठाता कृषि संकाय प्रोफेसर डी पी राय, कुलपति के तकनीकी अधिकारी ने योजना का विवरण प्रस्तुत किया। आभार प्रदर्शन डॉ. सोमदत्त ने किया। यह कार्यक्रम सोसायटी फॉर हॉर्टिकल्चरल रिसर्च एंड डेवलपमेंट गाजियाबाद एवं कृषि संकाय महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में हुआ। मंच संचालन आकृति गौतम कृषि छात्रा ने किया। इंडियन हॉर्टिकल्चर समिट में इनप्रोविंग प्रोडेक्टविटी एंड क्वालिटी थ्रू प्रोडक्शन टेक्नीक्स एवं अर्बन, पेरी अर्बन एंड हॉर्टिकल्चर और प्लांट हेल्थ मैनेजमेंट और सेकेंडरी हॉर्टिकल्चर आदि टॉपिक्स पर तकनीकी सत्र अयोजित किए गए।



इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकलचर रिसर्च, नई दिल्ली के उप महानिदेशक डॉ आर सी अग्रवाल ने टेक्निकल सेशन चेयरमैन के रूप में सामाजिक विज्ञान और उद्यानिकी व्यवसाय पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ अग्रवाल ने कहा कि उद्यानिकी फसलों के उत्पादन और व्यवसाय को उपयुक्त तकनीकी का सहारा देकर किसानों की आय को दुगनी कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सकता है। कुलपति प्रो नरेश चंद्र गौतम ने बागवानी के शिखर सम्मेलन को ग्रामोदय विश्वविद्यालय में आयोजित करने पर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा बागवानी के लब्ध प्रतिष्ठ वैज्ञानिकों को ग्रामोदय विश्वविद्यालय में पाकर पूरा विश्व विद्यालय गौरांवित है।

## ग्रामोदय में लागू होगी पेंशन

महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो नरेश चंद्र गौतम के अनुरोध पर मध्यप्रदेश सरकार ने विश्वविद्यालय के अधिकारियों/कर्मचारियों के हित में अंशदायी पेंशन योजना लागू करने के निर्देश दिये है। इस आशय का आदेश मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के अवर सचिव ने दिनांक 25/02/2020 को जारी किया। कुलसचिव डॉ राकेश कुमार चौहान ने बताया कि 04 मार्च को चित्रकूट में आयोजित विश्वविद्यालय प्रबंध मंडल की बैठक यह प्रकरण रखा जायेगा।

## स्थापना स्मृति दिवस के रूप में मनाया गया महाशिवरात्रि पर्व....

महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में महाशिवरात्रि पर्व स्थापना स्मृति दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्रामोदय विश्वविद्यालय से सटी पहाड़ी में स्थापित आनंदेश्वर शिवलिंग में जल और दुग्ध से रुद्राभिषेक वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हुआ। विश्वविद्यालय परिवार की ओर से शिवलिंग का पूजन, हवन, मन्त्रप्रस्तुति आदि कार्यक्रम सम्पन्न हुए। कार्यक्रम का आकर्षण शिव जी की बारात और शिव-पार्वती विवाह रहा। पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ परंपरागत तरीके से कुलपति प्रो नरेश चंद्र गौतम के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

स्वामित्वाधिकारी एवं प्रकाशक डॉ. राकेश कुमार चौहान, कुलसचिव, महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित। संरक्षक : प्रो. नरेंद्र चंद्र गौतम, संपादक मंडल : प्रो. आई पी त्रिपाठी, प्रो. अमरजीत सिंह, प्रो. डी पी राय, प्रो. वाई के सिंह, प्रो. शशिकांत त्रिपाठी, प्रो. वीरेंद्र कुमार व्यास, डॉ. आंजनेय पाण्डेय, डॉ. कुसुम सिंह, डॉ. प्रसन्न पाटकर, संपादक : जय प्रकाश शुक्ल